# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

क्रमांक 826/छगविस/सम्मे– C-205(F)/2026 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 28/01/ 2026

## –: ट्रेवल ट्रॉली बैग' क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना :–

छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, के उपयोगार्थ उच्च गुणवत्तायुक्त एवं देश में प्रतिष्ठित व प्रचलित विशिष्ट ब्राण्ड के उत्पादकों एवं प्राधिकृत विक्रेताओं से मध्यम आकार के लगभग 110 नग ट्रॉली ट्रेवल्स बैग एवं 400 सेट ट्रॉली बैग (3 का सेट, जिसमें एक बड़े बैग में मध्यम एवं मध्यम के भीतर ही छोटे साईज का बैग हो) क्रय हेतु **मंगलवार**, दिनांक **03 मार्च 2026** तक दर प्रस्ताव, नमूने सहित आमंत्रित हैं।

निविदा की अन्य शर्तें एवं दर प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक प्रपत्र आदि छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर के 'सम्मेलन शाखा' (ए–23) से राशि रूपये 1,000.00 (अक्षरी एक हजार रूपये मात्र) भुगतान कर प्राप्त किया जा सकेगा अथवा विधान सभा की वेबसाईट www.cgvidhansabha.gov.in से भी डाऊनलोड की जा सकती है, किन्तु ऐसी स्थिति में दर प्रस्ताव जमा किये जाने से पूर्व रूपये 1000.00 का भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा।

सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, नवा रायपुर,अटल नगर

## निविदा की शर्तें

### 1. निविदा प्रपत्र भरने संबंधी निर्देश :–

1.1 छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, नवा रायपुर,अटल नगर (छ.ग.) के कक्ष क्रमांक ए–23 ''सम्मेलन शाखा'' से रिक्त निविदा प्रपत्र राशि रू. 1000/–(अक्षरी एक हजार रूपये मात्र) नगद जमा कर प्राप्त कर सकते हैं एवं पूर्ण रूप से निविदा प्रपत्रों की पूर्ति कर निर्धारित तिथि के पूर्व निविदा जमा करें। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **मंगलवार 03 मार्च, 2026** को दोपहर 03.00 बजे तक होगी।

1.2 निविदाकार से अपेक्षित है कि वे निविदा प्रपत्र जमा करने के पूर्व, निविदा संबंधी समस्त शर्तों को अवश्य पढ़ लें। त्रुटिपूर्ण, अस्पष्ट एवं भ्रामक जानकारी के साथ भरे हुए निविदा प्रपत्र प्रथम दृष्टया अमान्य की जा सकती हैं।

1.3 निविदाकार को एक लिफाफे में दर प्रस्ताव संबंधी प्रपत्र, निविदाकार का विवरण, जिसमें उनके कार्य अनुभव का विवरण, संस्थान से अधिकृत होने का प्रमाण–पत्र तथा विगत 03 वर्षों का आयकर विवरणी तथा जीएसटी रिटर्न प्रस्तुत करने संबंधी प्रमाण/दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। एक अन्य दूसरे लिफाफे में अमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट रख कर प्रस्तुत करना होगा। इस प्रकार उक्त दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में **सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा** को संबोधित करते हुए लिफाफे के ऊपरी भाग पर **''ट्रेवल ट्रॉली बैग हेतु निविदा''** अंकित कर,सीलबंद करते हुए विधान सभा सचिवालय की ''सम्मेलन शाखा'' (कक्ष क्रमांक ए–23) में निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक **मंगलवार, 03 मार्च, 2026** को अपरान्ह 03:00 बजे तक जमा करना होगा। विलंब से प्राप्त किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जावेगा।

1.4 निविदा प्रस्ताव के साथ निर्धारित साईज के ट्रॉली बैग का एक–एक नग नमूने के तौर पर भी दिया जाना अनिवार्य होगा।

1.5 मुहरबंद निविदाएं **मंगलवार, दिनांक 03 मार्च, 2026 को सायं 04:00 बजे** छत्तीसगढ़ विधान सभा की ''क्रय समिति'' के समक्ष खोली जावेंगी। निविदा खोलने के समय, इच्छुक निविदाकार स्वयं अथवा उनकी ओर से अधिकृत व्यक्ति उपस्थित रह सकते हैं।

1.6 निविदा हेतु अमानत राशि रू. 50,000/– (अक्षरी पचास हजार रूपये मात्र) होगी जो कि, पश्चात् यथा समय सचिव,छत्तीसगढ़ विधान सभा के निर्णय उपरांत वापसी योग्य होगी ।

1.7 निविदाकार को विगत 03 तीन वर्षों का आयकर रिर्टन एवं जीएसटी जमा किये जाने संबंधी आवश्यक दस्तावेज की स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

### 2. ट्रॉलीबैग हेतु मापदण्ड (Specifications)

2.1 निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तावित ट्रॉली बैग का एक–एक नमूना (Sample) भी प्रदाय किया जाना अनिवार्य होगा।

2.2 निविदा अनुसार क्रय किये जाने वाले ट्रॉली बैगों की संख्या लगभग 510 नग (110+400) दो पृथक–पृथक **Specifications** अनुसार निर्धारित संख्या में होगी,जिसमें परिवर्तन भी किया जा सकता है।

2.3 प्रदाय किये जाने वाले समस्त ट्रॉली बैग स्वीकृत डिजाईन एवं साईज के अनुसार ही एकरूपता में होंगे।

2.4 प्रदाय किये जाने वाले ट्रॉली बैग हेतु न्यूनतम **Technical Specification** निम्नानुसार होंगे :–

<u>Minimum Technical Specification</u>

| S.NO. | Specification | Travel Bag (Singal) | Travel Bag (Set of 3) |
|---|---|---|---|
| 1 | Colour | Black | Light Grey or any |
| 2 | L x H x W in cm<br>Specification (+/- 2 cm) | 40 X 55 X 20 cm | 1. 36 X 55 X 24.5 cm (Small) |
| | | | 2. 46.5 X 68 X 29 cm (Medium) |
| | | | 3. 54 X 79 X 33 cm (Big) |
| 3 | Weight in Kg<br>Specification ( +/- 10 %) | 2.85 Kg Approx | 1. 2.1 Kg (Small) |
| | | | 2. 3.0 Kg (Medium) |
| | | | 3. 3.8 Kg (Big) |
| 4 | Volume (fill with PP granules 3mm) in Litres<br>Specification (+/- 10 %) | 34 L | 1. 33 L (Small) |
| | | | 2. 69.5 L (Medium) |
| | | | 3. 108 L (Big) |
| 5 | Warranty | 10 Year (Minimum) | 3 Year (Minimum) for Set of 3 |
| 6 | MAIN BODY **Material** | | |
| | | Made of POLYPROPYLENE hard top body to withstand long haul travel and rough handling, Scratch, and wear resistance.<br>Material – Polypropylene | |
| 7 | **Wheel** | **Travel Bag(single)** | **Travel Bag (Set of 3)** |
| | | **FOUR WHEEL** | **FOUR WHEEL** |
| | | **Wheel Fork-** ISO STANDARD | |
| | | **Wheel Material** – ISO STANDARD | |
| | | **Wheel Tyre -** ISO STANDARD | |
| 8 | **Handle** | **Travel Bag (single)** | **Travel Bag (Set of 3)** |
| | | **Material – Polypropylene** | |
| 9 | **Lock** | **Travel Bag (single)** | **Travel Bag (Set of 3)** |
| | | **Material** – Polycarbonate | |
| | | **Minimum 3 Locks System** | Standard as per the Manufacturing Company |
| 10 | **Pull Handle** | **Travel Bag (single)** | **Travel Bag (Set of 3)** |
| | | **Material** – Aluminium Alloy | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | Fabric | **Travel Bag (single)** | **Travel Bag (Set of 3)** |
| | | Polyster Fabric | |
| 12 | Finish Product Test (TEST CRITERIA) | **Travel Bag (single)** | **Travel Bag (Set of 3)** |
| | 1. Handle Jerk Test | 3000 Cycle | 1000 Cycle |
| | 2. Pull Handle hanging jerk Test | 500 Cycle | 150 Cycle |
| | 3. Multi Push Pull Handle Cycle and lift Test | 1500 Cycle | 500 Cycle |
| | 4. Automated curbs drops and lift test | 750 Cycle | 250 Cycle |
| | 5. Mileage test- Wheels | 32 km | 16 km |
| | 6. Tumble test | -12 Deg/ 50 Cycle | Room Temperature/25 Cycle |
| | 7. Enviroment Cycle Test | 3 Cycle | 1 Cycle |
| | 8. Humidity Test | 240 hrs | 80 hrs |
| | 9. Ovenage test | 120 hrs | 40 hrs |

**3. ट्रॉलीबैग हेतु दर प्रस्ताव**

3.1 निविदाकार के द्वारा प्रति ट्रॉलीबैग हेतु दी जाने वाली दर में संपूर्ण व्यय यथा, ट्रॉलीबैग की कीमत, उसकी पैकिंग, तथा उसे छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, नवा रायपुर,अटल नगर तक सुपुर्द करने, समस्त टैक्सेस व अन्य संबंधित व्यय सम्मिलित होने चाहिए, अर्थात स्वीकृत दरों के अतिरिक्त कोई भी अन्य भुगतान नहीं किया जावेगा। जी.एस.टी. एवं अन्य करों का उल्लेख पृथक से स्पष्ट रूप में अंकित किया जाना होगा।

3.2 निविदाकार के द्वारा दी जानी वाली दरें आगामी 10 माह की अवधि तक वैध मानी जावेगी।

**4. अमानत राशि का विवरण**

4.1 निविदाकार को निविदा के साथ अमानत राशि रू. 50,000/— (अक्षरी पचास हजार रुपये मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे—ऑर्डर/ एफ.डी.आर., जो कि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में द्वारा सचिव, छत्तीसगढ़ विधानसभा,रायपुर के पक्ष में जारी हो, जमा करना अनिवार्य होगा। निविदाकार अमानत राशि का ड्राफ्ट/पे—ऑर्डर/ एफ.डी.आर. को एक पृथक लिफाफे में रखकर निविदा प्रपत्रों के साथ विधान सभा सचिवालय में जमा करावेंगे।

4.2 बिना अमानत राशि संलग्न किये जमा की गई निविदाएं प्रथम दृष्टया अमान्य कर दी जावेंगी।

4.3 निविदाकार की निविदा को स्वीकार किये जाने के पश्चात्, निविदाकार द्वारा कार्य के निष्पादन से इंकार किये जाने की स्थिति में जमा की गई **अमानत राशि राजसात योग्य होगी** तथा राजसात की गई राशि के संबंध में निविदाकार का कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

5. **सुरक्षा निधि**

5.1 सफल निविदाकार की अमानत राशि 'सुरक्षा निधि' के रूप में सचिवालय में सुरक्षित रखी जावेगी जो ट्रॉलीबैग प्रदाय कार्य सफलतापूर्वक निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के उपरांत बिना किसी ब्याज के पश्चात् यथा समय वापस की जा सकेगी।

6. **अन्य शर्तेः–**

6.1 सफल निविदाकार के लिये यह अनिवार्य होगा कि वे सचिवालय द्वारा निर्धारित समय–सीमा में ही समस्त ट्रॉलीबैग वांछित अनुसार पैंकिंग करते हुए सचिवालय को सुरक्षित उपलब्ध करायेंगे।

6.2 प्रत्येक ट्रॉली बैग पर,निर्धारित स्थान पर **"छत्तीसगढ़ विधान सभा रजत जयंती वर्ष – 2025"** अंकित करते हुए प्रदाय किया जाना होगा।

6.3 सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा को यह अधिकार होगा कि वे बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को मान्य या अमान्य कर सकेंगे।

6.4 निविदाकार के द्वारा प्रदायित ट्रॉली बैग में कोई खराबी या टूट–फूट होने पर निविदाकार द्वारा उसे बदल कर नवीन ट्रॉली बैग दिया जावेगा जिस हेतु कोई अतिरिक्त चार्जेस नही लिया जावेगा।

6.5 ट्रॉली बैग की संख्या को कम या ज्यादा किया जा सकता है।

6.6 समस्त आदेशित सामग्री एक साथ ही क्रयादेश जारी तिथि से 21 दिन की समयावधि में प्रदाय करना होगा।

6.7 प्रदायित सभी ट्रॉली बैग एक ही रंग के होंगे अर्थात निर्धारित रंग से अलग न हो।

6.8 प्रदायित किए जाने वाले 110 नग ट्रॉली बैग 3 Lock System सुविधा के साथ हो।

6.9 निविदा में भाग लेने वाली जिस फर्म का रायपुर,छत्तीसगढ़ में (C & F) हो तथा ट्रॉली बैग से संबंधित सेवाओं के लिए कंपनी का अधिकृत सर्विस स्टेशन हो,को प्राथमिकता दी जाएगी।

6.10 किसी भी शासकीय संस्था/कार्यालय में सफलतापूर्वक सप्लाई का पूर्व अनुभव हो, तो (तत्संबंधी कार्यादेश की छायाप्रति संलग्न करें)।

6.11 किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में माननीय अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा का निर्णय अंतिम व बंधनकारी होगा।

6.12 क्रय उपरांत सेवाओं (After sales service ) के तहत किसी बैग में तकनीकी खराबी आने पर अधिकतम 10 (दस) दिवसों में सुधार कर दिया जाना होगा।

**संचालक**
छत्तीसगढ़ विधान सभा

**मुझे, निविदा की उपरोक्त सभी शर्तें मान्य हैं।**

निविदाकार के हस्ताक्षर एवं
फर्म का सील
मोबाइल नं. ..........................

# 'ट्रेवल ट्रॉली बैग' हेतु दरों का प्रस्ताव

**प्रति,**

**सचिव,**
छत्तीसगढ़ विधान सभा,
नवा रायपुर (छ.ग.)

**विषय :–** **ट्रॉलीबैग प्रदाय हेतु दर का प्रस्ताव ।**
संदर्भ :– छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना क्रमांक/वि.स./सम्मे–C-205 (F)/2026 रायपुर, दिनांक....../01/2026.

––00––

उपरोक्त संदर्भित निविदा के परिप्रेक्ष्य में फर्म की जानकारी एवं निविदा शर्तों में अंकित डिजाईन के अनुरूप पृथक–पृथक 02 (दो) अलग–अलग साईजों के ट्रॉलीबैग के दर का प्रस्ताव निम्नानुसार है :–

1. प्रस्ताव करने वाले फर्म का नाम एवं पता ............................................................
   मोबाइल नम्बर तथा वॉट्सअप नंबर सहित ............................................................
2. फर्म के प्रोप्राइटर का नाम एवं पता ............................................................
   ............................................................
3. वांछित ट्रॉलीबैग प्रदायगी का पूर्व अनुभव ............................................................
   ............................................................
4. ट्रॉली बैग के दोनों साईजों हेतु पृथक–पृथक दर प्रस्ताव निम्नानुसार

**Travel Bag (Singal)**

| क्र. | ट्रॉली बैग का साईज | दर प्रति नग (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | 40 L x 55 H x 20 W cm | अंकों में :– ..................................................................<br>शब्दों में :– .................................................................. |

**Travel Bag (Set of 3)**

| क्र. | ट्रॉली बैग का साईज | दर प्रति नग (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | 36 L x 55 H x 24.5 W cm | अंकों में :– .................................................................. |
| 2 | 46.5 L x 68 H x 29 W cm | शब्दों में :– .................................................................. |
| 3 | 54 L x 79 H x 33 W cm | .................................................................. |

**( उपरोक्त सभी साईजों के एक–एक Sample ट्रॉलीबैग प्रस्तुत है )**

भवदीय,

फर्म का नाम तथा हस्ताक्षर
एवं मोबाइल नंबर